# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9470003023/9431479774

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :– * सआदत हसन मिन्टू
* राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिवः – * राजयनन्द वार्डियार
* अनिल कुमार
कोषाध्यक्षः – * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाध्यक्षः – * विनोद आनन्द

पत्रांक :......32......  दिनांक ....8/5/2015

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री,
बिहार सरकार।

विषय :– मानीय विधायक श्री गजानन्द शाही–170 वरवीघा विधान सभा द्वारा श्री ज्ञान प्रकाश, बि0प्र0से0 के साथ दुर्रव्यवहार किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक जिला इकाई शेखपुरा द्वारा (प्रति संलग्न) सूचित किया गया है कि दिनांक 07.05.2015 को जनता के दरबार में जिला पदाधिकारी कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश, वरीय उप समाहर्त्ता–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत वरवीघा को श्री गजानन्द शाही उर्फ मुन्ना शाही माननीय विधायक द्वारा कड़े लहजे में कहने लगे कि तेऊस पाईन नाला (जो वरवीघा के मुख्य बाजार से होकर गुजरता है) यदि साफ नहीं होता है तो ''श्री ज्ञान प्रकाश को ही नाला में फेंक देते है, नाला अपने आप साफ हो जाएगा'' माननीय विधायक ने जाते–जाते धमकी भरे लहजे में जिला पदाधिकारी, आमजनता एवं जिला के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्री ज्ञान प्रकाश को यह भी कहा कि ''तुम्हारे घर पर विजिलेन्स से रेड करवा कर ही रहेंगे।''

उपरोक्त घटना पर जिला इकाई शेखपुरा द्वारा घोर निन्दा करते हुए दिनांक 08.05.2015 एवं 09.05.2015 को सांकेतिक रूप से काला बिल्ला लगाकर कार्य कर रहे है तथा माननीय विधायक अधिकारियों के बीच उपस्थित होकर जब तक खेद प्रकट नहीं कर लेते है तब तक विधायक जी के सारे कार्यक्रमों का बहिष्कार जिला इकाई शेखपुरा द्वारा किया जाएगा।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ उपरोक्त घटना की घोर निन्दा करता है तथा जिला इकाई शेखपुरा के द्वारा लिये गये निर्णय का समर्थन करता है।

संघ का भवदीय से अनुरोध है कि उपरोक्त घटना पर व्यक्तिगत ध्यान देकर माननीय विधायक पर न्यायोचित कार्रवाइ की जाए।

ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

ह0/–
(सुरेश कुमार शर्मा)
अध्यक्ष

**प्रतिलिपि** :– मुख्य सचिव, बिहार को प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है अपने स्तर से उपरोक्त घटना पर न्यायोचित कार्रवाई की जाए।।

ह0 / –
**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**प्रतिलिपि** :– जिला पदाधिकारी, शेखपुरा से अनुरोध है कि उपरोक्त घटना भवदीय के समक्ष हुई है कि संदर्भ में अपने स्तर से भी कार्रवाई की जाए।

ह0 / –
**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**प्रतिलिपि** :– अध्यक्ष / सचिव जिला इकाई, शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**प्रतिलिपि** :– निदेशक, सभी दुरदर्शन को प्रसारणार्थ प्रेषित।
**प्रतिलिपि** :– सम्पादक सभी दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी / अंग्रेजी) को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

सुशील 8/5/15

**(सुशील कुमार)**
महासचिव

आज दिनांक 07.05.2015 को जनता के दरबार में जिला पदाधिकारी कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत बरबीघा सह वरीय उप समाहर्त्ता, शेखपुरा) की ओर मुखातिब होकर श्री गजानन्द शाही उर्फ मुन्ना शाही (माननीय विधायक, 170 बरबीघा विधान सभा, जिला–शेखपुरा) कड़े लहजे में कहने लगे कि तेऊस पाईन नाला (जो बरबीघा के मुख्य बाजार से होकर गुजरता है) यदि साफ नहीं होता है तो **"श्री ज्ञान प्रकाश को ही नाला में फेंक देते हैं, नाला अपने आप साफ हो जायेगा।"** माननीय विधायक ने जाते–जाते धमकी भरे लहजे में जिला पदाधिकारी, आम जनता एवं जिला के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्री ज्ञान प्रकाश को यह भी कहा कि **"तुम्हारे घर पर विजिलेन्स से रेड करवा कर ही रहेंगे।"** श्री ज्ञान प्रकाश के साथ माननीय विधायक जी के इस दुर्व्यवहार की बासा जिला इकाई शेखपुरा घोर निन्दा करती है।

1. माननीय विधायक श्री गजानन्द शाही इस दुर्व्यवहार के लिए बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच उपस्थित होकर जब तक खेद प्रकट नहीं कर लेते हैं तब तक विधायक जी के सारे कार्यक्रमों की बहिष्कार करने का निर्णय सर्वसम्मति से बासा शेखपुरा इकाई द्वारा लिया गया।

2. बासा जिला इकाई शेखपुरा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लेती है कि श्री ज्ञान प्रकाश के साथ विधायक जी के इस दुर्व्यवहार के विरोध में **बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शुक्रवार 08.05.2015 एवं शनिवार 09.05.2015 को सांकेतिक रूप से काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे।**

3. बासा जिला इकाई शेखपुरा, संघ के सदस्य श्री ज्ञान प्रकाश के साथ माननीय विधायक के इस प्रकार के दुर्व्यवहार को राज्य सरकार के संज्ञान में लाने के लिए बासा केन्द्रीय इकाई से आग्रह करती है।

4. उक्त घटना चूँकि जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में घटित हुई है इसलिए बासा जिला इकाई शेखपुरा, जिला पदाधिकारी से अनुरोध करती है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मान–सम्मान की रक्षा करने की दिशा में आवश्यक कदम उठायेंगे।

8/5/15

अध्यक्ष, 07/05/15
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
जिला इकाई, शेखपुरा।

ज्ञापांक : 02 / दिनांक : 07.05.2015 /

प्रतिलिपि :– महासचिव, केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति, वि0प्र0से0 संघ पटना को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी सम्बन्धित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, शेखपुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
जिला इकाई, शेखपुरा।

Email: infobasa1@gmail.com
website:- basabihar.in



https://mail.google.com/_/scs/mail-static/_/js/k=gmail.main.en.PofckHfWzz0.O/m=m_i,t,it/am=PiMa4U7G_UGMM2SXPkLZv_8-dknxs8-D-AgTQLIzAP5v9v...